शनिवार
13 मई, 2023
डिजिटल संस्करण

# केशव टाइम्स
आपकी आवाज



अप्रैल माह में बक्सर पुलिस ने 10 आर्म्स के साथ 284 अपराधियों को भेजा जेल 2



## सीबीएसई 12वीं और 10वीं परीक्षा का रिजल्ट घोषित, लड़कियां फिर आगे

- 12वीं में कुल 87.33 फीसदी छात्र पास, इनमें 90.68% लड़कियां और 84.67% लड़के शामिल

### 12वीं में 99.91 पास परसेंटेज के साथ त्रिवेंद्रम रीजन टॉप पर, पटना रीजन 85.47% के साथ 10वें नंबर पर

### 10वीं में त्रिवेंद्रम पहले स्थान पर, जबकि सबसे आखिर में गुवाहाटी, 94.25 % छात्राएं, 92.27 % छात्र हुए पास



**एजेंसी/नई दिल्ली**

केंद्रीय माध्यमिक शिक्षा बोर्ड (सीबीएसई) ने शुक्रवार को 12वीं बोर्ड परीक्षा के परिणाम घोषित किए। परीक्षा में करीब 6,96,770 छात्र शामिल हुए थे। इसमें कुल 87.33 फीसदी छात्र उत्तीर्ण हुए हैं। इनमें से 90.68% लड़कियां और 84.67% लड़के हैं। 12वीं में 44 हजार से अधिक स्टूडेंट्स ने 95% और करीब 1.12 लाख स्टूडेंट्स ने 90% मार्क्स हासिल किए हैं। त्रिवेंद्रम रीजन 99.91 पास परसेंटेज के साथ टॉप पर है। 98.64% के साथ बेंगलुरु दूसरी, 97.40% के साथ चेन्नई तीसरी, 93.24% के साथ दिल्ली वेस्ट चौथी और 91.84% के साथ पांचवी पोजिशन पर है। वहीं पटना रीजन 85.47% के साथ 10वें नंबर पर है। पिछले साल की तुलना में इस साल का पटना जोन का रिजल्ट 5.73 प्रतिशत खराब रहा है। पिछले साल 2022 में पटना जोन का रिजल्ट 91.20 प्रतिशत था। वहीं इस साल 2023 में पटना जोन का रिजल्ट 85.47 प्रतिशत रहा। हालांकि पिछले साल भी पटना टॉप टेन में 10वें स्थान पर था और इस साल भी पटना जोन टॉप टेन में 10वें स्थान पर ही है। ज्ञात हो कि 12वीं की परीक्षाएं 15 फरवरी से पांच अप्रैल तक आयोजित की गई थीं।

इसके साथ ही सीबीएसई ने 10वीं का रिजल्ट भी घोषित कर दिया। इसमें भी लड़कियां लड़कों से आगे रहीं। इस बार की परीक्षाओं में जहां 94.25 फीसदी छात्राएं पास हुई हैं तो वहीं 92.27 फीसदी छात्र उत्तीर्ण घोषित किए गए हैं। सीबीएसई बोर्ड द्वारा सेकेंड्री रिजल्ट को लेकर जारी आंकड़ों के मुताबिक अधिकतम सफल होने वाले स्टूडेंट्स की संख्या की सूची में त्रिवेंद्रम पहले स्थान पर है, जबकि सबसे आखिर में गुवाहाटी है। सीबीएसई बोर्ड द्वारा आंकड़ों के मुताबिक सेकेंड्री की परीक्षाओं में इस साल 93.12 फीसदी स्टूडेंट्स पास घोषित किए गए हैं। 2022 में पास प्रतिशत 94.40 प्रतिशत था। परीक्षा के लिए कुल 2184117 उम्मीदवारों ने पंजीकरण कराया था, जिनमें से 2165805 उम्मीदवार इसके लिए उपस्थित हुए। 2016779 परीक्षार्थियों ने कक्षा 10वीं की बोर्ड परीक्षा उत्तीर्ण की है। इस बार सेकेंड्री रिजल्ट के लिए कोई मेरिट लिस्ट जारी नहीं की गई है।

## बिहार में अब जमीन व फ्लैट की खरीद बिक्री होगी आसान



**केटी न्यूज/पटना**

बिहार में एक जून 2023 से जमीन, फ्लैट और मकान समेत अन्य के निबंधन का प्रावधान बदल जाएगा। अगर आप भी जमीन, फ्लैट या मकान खरीदना-बेचना चाहते हैं तो फिर यह काम की खबर आपके लिए है। नियम बदलने से दोनों पक्षों (खरीदने या बेचने वाले) को राहत मिलेगी। बिहार सरकार अब इनके निबंधन की प्रक्रिया में गवाह की अनिवार्यता समाप्त होने जा रही है। तीसरे व्यक्ति से अब मिलेगा छुटकारा

जमीन, मकान या फ्लैट की रजिस्ट्री के लिए पहले दो या चार गवाहों को लाना पड़ता था। ऐसे में अब इसकी आवश्यकता नहीं पड़ेगी। खरीदने वाले या बेचने वाले, किसी को इससे मतलब नहीं रहेगा। नए नियम लागू हो जाने के बाद सिर्फ जमीन या फ्लैट खरीदने और बेचने वाले ही निबंधन कार्यालय में आएंगे। यानी अब किसी तीसरे व्यक्ति की आवश्यकता नहीं पड़ेगी।

**एक जून तक का दिया गया है समय:** इस नए नियम को बहाल करने को लेकर उत्पाद, मद्य निषेध एवं निबंधन विभाग ने आदेश जारी कर दिया है। इसके अलावा संबंधित कंपनी को सॉफ्टवेयर में अहम बदलाव करने के निर्देश दिए गए हैं। इसके लिए एक जून तक का समय दिया गया है। बदलाव के बाद सिर्फ जमीन-फ्लैट के क्रेता या विक्रेता को अपना-अपना आधार नंबर देना होगा। इसे बायोमेट्रिक प्रणाली के जरिए वैध करना होगा।

### नियम के बदलाव से ये होगा फायदा

निबंधन कार्यालयों में जमीन-फ्लैट की रजिस्ट्री के दौरान लोगों की होने वाली भीड़ को कम करना मकसद है। एक रजिस्ट्री में चार या इससे अधिक गवाह के निबंधन कार्यालय में पहुंचने से काफी भीड़ लग जाती है। इससे कार्यालय का कामकाज भी प्रभावित होता है। कई मामलों में गवाह जुटाने में भी कई बिचौलिए अपने फायदे में रहते हैं। इससे लोगों का ही नुकसान होता है। इन तमाम बातों को ध्यान में रखते हुए यह बदलाव किया जा रहा है। बता दें कि प्रदेश में छोटे-बड़े सभी को मिलाकर देखें तो 137 निबंधन कार्यालय हैं। हर दिन लगभग पांच हजार निबंधन होते हैं।

## खबरें फटाफट

### हम मुसलमानों की संख्या नहीं बढ़ने देंगे : तोगड़िया

**नर्मदापुरम।** अंतरराष्ट्रीय हिंदू परिषद के अध्यक्ष प्रवीण तोगड़िया ने कहा, 'हम भारत में मुसलमानों की संख्या बढ़ने नहीं देंगे। ऐसा कानून बनाएंगे कि 2 से ज्यादा बच्चे पैदा करने वाले मुसलमानों को सरकारी नौकरी, सरकारी अन्न, सरकारी स्कूल, हॉस्पिटल में मुफ्त सेवा, बैंक से लोन जैसी सुविधाएं नहीं मिलेंगी। यदि फिर भी वह बच्चा पैदा करेगा, तो उसे 10 साल के लिए जेल में डाल देंगे। इसके साथ ही तोगड़िया ने कहा, 'हम सरकार पर हिंदुओं का कंट्रोल करवाएंगे। संविधान संशोधन करवाएंगे कि देश में प्राइम मिनिस्टर, चीफ मिनिस्टर, मिनिस्टर, डीएम, एसपी, जज देश में हिंदू के अलावा किसी को बनने ही नहीं देंगे। तोगड़िया ने यह बयान गुरुवार देर रात को मप्र के नर्मदापुरम में दिया। वे यहां हिंदू साथी सम्मेलन में हिस्सा लेने पहुंचे थे।

### शिक्षक पद की 36 हजार नौकरियां रद्द

**कलकत्ता।** कलकत्ता हाई कोर्ट ने प्राथमिक विद्यालयों में शिक्षक पद की 36 हजार नौकरियों को रद्द कर दिया है। जो लोग पहले ही प्रशिक्षण पूरा कर चुके हैं, उनके पास नौकरी रहेगी। कोर्ट ने तीन महीने के भीतर नई भर्ती कराने को कहा है। कोर्ट ने कहा है कि सरकार माणिक भट्टाचार्य के पैसे से नई भर्ती प्रक्रिया शुरू करेगी। कलकत्ता हाई कोर्ट में जस्टिस अभिजीत गांगुली की बेंच ने इन शिक्षकों को अनुभवहीन बताया है।

**आयोजन: पटना पुलिस मुख्यालय ने सुरक्षा को लेकर जारी किया एसओपी**

## बागेश्वर बाबा का आज से पटना में लगेगा दरबार, प्रशासन अलर्ट

- पटना के नौबतपुर स्थित तरेत पाली में 17 मई तक चलेगा कार्यक्रम
- आयोजन के दौरान सीसीटीवी से रखी जायेगी नजर
- आयोजन स्थल पर भीड़ को देखते हुए विशेष तौर पर तैनात रहेंगे सुरक्षाकर्मी

**केटी न्यूज/पटना**

बागेश्वर धाम वाले बाबा के नाम से मशहूर हनुमान कथा वाचक धीरेंद्र कृष्ण शास्त्री का शनिवार से पटना के नौबतपुर स्थित तरेत पाली में दरबार लगेगा। 17 मई तक चलनेवाले इस कार्यक्रम में धीरेंद्र शास्त्री हनुमत कथा का पाठ करेंगे। उनके पटना आगमन को लेकर अलर्ट जारी किया गया है। इस अलर्ट को देखते हुए राज्य पुलिस मुख्यालय की तरफ से पटना एसएसपी को सुरक्षा की एसओपी जारी की गई है। एडीजी पुलिस मुख्यालय जितेंद्र सिंह गंगवार के मुताबिक बागेश्वर बाबा धीरेंद्र शास्त्री को पर्याप्त सुरक्षा दी जायेगी। आयोजन स्थल पर भी भीड़ को देखते हुए विशेष तौर पर सुरक्षाकर्मियों को तैनात किया जाएगा। सुरक्षा-व्यवस्था बेहतर हो इसको लेकर अयोजनकर्ताओं के साथ पुलिस पदाधिकारियों की बैठक भी हो चुकी है। सुरक्षा घेरे से लेकर आयोजन स्थल और आसपास की भीड़ का आकलन करते हुए पुलिसकर्मियों को तैनात किया गया है। यातायात पुलिसकर्मियों की भी तैनाती कर दी गई है। आयोजन के दौरान सीसीटीवी के जरिए भी नजर रखी जायेगी। शुक्रवार को कलश यात्रा के साथ हनुमंत कथा का शुभारंभ हो गया। 15 मई को दिव्य दरबार लगाया जाएगा। इधर इस बीच धीरेंद्र शास्त्री के लेकर बिहार में सिया संग्राम भी छिड़ा हुआ है। इसको देखते हुए धीरेंद्र शास्त्री की सुरक्षा का भी पुख्ता इंतजाम किए गए हैं।



### तीन लाख वर्ग फीट में जर्मन टेक्निक से बना है भव्य पंडाल

बागेश्वर धाम के धीरेंद्र शास्त्री के कार्यक्रम को लेकर लगभग सभी तैयारियां पूरी हो चुकी हैं। तीन लाख स्क्वायर फीट में जर्मन टेक्निक से पडांल बनकर तैयार है। बताया जा रहा है कि पंडाल को काफी मजबूत बनाया गया है। इस पर आंधी और पानी पर कोई असर नहीं पड़ेगा। जिस पंडाल में पंडित धीरेंद्र शास्त्री जी महाराज का दिव्य दरबार सजेगा, उसे बनवाया है मोहम्मद इकराम ने। गया के रहने वाले इकराम ने कहा कि इससे पहले वो प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और गृह मंत्री अमित शाह के लिए भी पंडाल बना चुके हैं। धीरेंद्र शास्त्री का ये कार्यक्रम राजनीति विवादों से घिर गया है। सत्ताधारी दल के कई बड़े नेता धर्मनिरपेक्षता के नाम पर इसका विरोध कर रहें हैं। वहीं, धर्म-आध्यात्म के नाम पर भारतीय जनता पार्टी के नेता सपोर्ट कर रहे हैं। कथा समिति के सदस्य अर्चना राय भट्ट ने मीडिया को बताया कि तीन लाख स्क्वायर फीट में जर्मन पंडाल बना है। 200 बीघा में कार पार्किंग का इंतजाम है। महाप्रसाद के लिए 60 काउंटर बनाए गए हैं। अनुमान है कि बिहार के अलावा झारखंड, पश्चिम बंगाल, ओडिशा, छत्तीसगढ़, नेपाल सहित देश के कई राज्यों से भारी संख्या में दर्शनार्थी बाबा को सुनने पहुंचेंगे।

### जिला प्रशासन ने आयोजकों को थमाया नोटिस

बागेश्वर बाबा के पटना आगमन से ठीक पहले जिला प्रशासन ने आयोजकों को नोटिस थमा दिया है। प्रशासन की ओर से पूर्व में आयोजकों के सामने कुछ शर्तें रखी गई थीं, जिन्हें अब तक पूरा नहीं किया गया है। इसी संबंध में यह नोटिस दिया गया है। प्रशासन को कार्यक्रम की तैयारियों में कई तरह की खामियां मिली हैं। कार्यक्रम में लाखों लोगों के पहुंचने की संभावना है। आयोजकों ने दानापुर अनुमंडल पदाधिकारी की ओर से कार्यक्रम में भीड़ को देखते हुए कुछ शर्तों पर लाइसेंस दिया था। बताया जा रहा है कि इनमें से कुछ शर्तों को आयोजक अभी तक पूरा नहीं कर सके हैं। यह बात जिला प्रशासन की ओर से तरेत पाली मठ स्थित कार्यक्रम स्थल पर हुए सुरक्षा ऑडिट में सामने आई है। इसके अलावा पुलिस को भी सिक्योरिटी से संबंधित कुछ खामियां मिली हैं। इस संबंध में आयोजकों को नोटिस थमाया गया है। बताया जा रहा है कि नोटिस में कहा गया है कि बागेश्वर बाबा की कथा शुरू होने से एक दिन पहले तक पंडाल में पर्याप्त सीसीटीवी कैमरे, वॉच टावर और अग्निशमन यंत्र नहीं लगाए गए हैं। भीड़ को मैनेज करने के लिए भी प्रबंध पूरे नहीं हैं। पार्किंग स्थल नहीं बन पाए हैं। कथा के दौरान अव्यवस्थाओं का आलम रहने से कोई अनहोनी भी हो सकती है।

## दिल्ली सरकार फिर पहुंची सुप्रीम कोर्ट

**नई दिल्ली।** दिल्ली सरकार और एलजी के बीच की तकरार एक बार फिर सुप्रीम कोर्ट पहुंची है। दरअसल, गुरुवार को ही सुप्रीम कोर्ट ने आदेश दिया था कि उपराज्यपाल को दिल्ली सरकार की सलाह पर काम करना है। ट्रांसफर-पोस्टिंग राज्य सरकार के हिसाब से होगी। यह आदेश आने के कुछ देर बाद सीएम अरविंद केजरीवाल ने सर्विस सेक्रेटरी आशीष मोरे को हटा दिया था। दिल्ली सरकार का आरोप है कि एलजी ने आशीष मोरे के खिलाफ लिए गए इस फैसले पर रोक लगा दी है। दिल्ली सरकार का कहना है कि केंद्र सरकार उसके सेवा सचिव के तबादले की पहल नहीं कर रही है। यह सुप्रीम कोर्ट के फैसले की अवमानना है।




**प्रधानमंत्री ने गांधीनगर में आयोजित अखिल भारतीय शिक्षा संघ के अधिवेशन को किया संबोधित**

## छात्रों की जिज्ञासा शिक्षकों के लिए बन रही नई चुनौती: मोदी

**एजेंसी/गांधीनगर**

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी शुक्रवार को गांधीनगर में अखिल भारतीय शिक्षा संघ के अधिवेशन में पहुंचे। इस मौके पर पीएम मोदी ने कहा कि जब भारत विकसित होने के संकल्प के साथ आगे बढ़ रहा है ऐसे में शिक्षकों की भूमिका और बढ़ जाती है। इस मौके पर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने गुजरात में लगभग 4,400 करोड़ रुपये की विभिन्न परियोजनाओं का उद्घाटन और शिलान्यास किया।



उन्होंने आगे कहा कि आज शिक्षकों के सामने संसाधनों की चुनौती दूर हो रही है, लेकिन आज की पीढ़ी के छात्रों की जिज्ञासा शिक्षकों के लिए चुनौती बन गई है। ये छात्र आत्मविश्वास से भरे हैं, ये निडर हैं। उनकी जिज्ञासा शिक्षकों को चुनौती देती है। पीएम ने कहा कि गूगल से छात्रों को आंकड़ें मिल सकते हैं लेकिन निर्णय तो खुद ही लेना पड़ता है। एक गुरु ही छात्र को सीखा सकता है कि वे अपनी जानकारियों का सही उपयोग कैसे करें। तकनीक से जानकारी मिल सकती है लेकिन सही दृष्टिकोण शिक्षक ही दे सकता है।

उन्होंने कहा कि आज की पीढ़ी के छात्रों की जिज्ञासा, उनका कौतूहल, एक नया चैलेंज लेकर आया है। ये छात्र आत्मविश्वास से भरे हैं, वो निडर हैं। उनका स्वभाव टीचर को चुनौती देता है कि वो शिक्षा के पारंपरिक तौर-तरीकों से बाहर निकलें। छात्रों के पास सूचना के अलग-अलग स्त्रोत हैं। इसने भी शिक्षकों के सामने खुद को अपडेट रखने की चुनौती पेश की है। इन चुनौतियों को एक टीचर कैसे हल करता है, इसी पर हमारी शिक्षा व्यवस्था का भविष्य निर्भर करता है।

**नई राष्ट्रीय शिक्षा नीति पर बोले:** उन्होंने कहा कि आज भारत 21वीं सदी की आधुनिक आवश्कताओं के मुताबिक नई व्यवस्थाओं का निर्माण कर रहा है। 'नई राष्ट्रीय शिक्षा नीति' इसी को ध्यान में रखते हुए बनाई गई है। हम इतने वर्षों से स्कूलों में पढ़ाई के नाम पर अपने बच्चों को केवल किताबी ज्ञान दे रहे थे। 'नई राष्ट्रीय शिक्षा नीति' उस पुरानी अप्रासंगिक व्यवस्था को परिवर्तित कर रही है। उन्होंने कहा कि आप सोचते होंगे कि आप गणित, विज्ञान या कोई अन्य विषय पढ़ा रहे हैं, लेकिन छात्र आपसे सिर्फ वो विषय नहीं सीख रहा। वो ये भी सीख रहा है कि अपनी बात कैसे रखनी चाहिए। वो आपसे धैर्य रखने, दूसरों की मदद करने जैसे गुण भी सीख रहा है।

# उपलब्धि... अप्रैल माह में बक्सर पुलिस ने 10 आर्म्स के साथ 284 अपराधियों को भेजा जेल

- एसपी मनीष कुमार बोले- बैंक व छात्राओं की सुरक्षा में नो एक्सक्यूज
- एसपी ने थानाध्यक्षों को दो टूक में कहा- शराब तस्कर व साइबर क्रिमिनलों पर रखें पैनी नजर
- रोटेशन प्रणाली के तहत जिले में गश्ती करने का दिया निर्देश



**केटी न्यूज/बक्सर**

जिला मुख्यालय स्थित पुलिस अधीक्षक कार्यालय में गुरुवार की रात एसपी मनीष कुमार ने पुलिस पदाधिकारियों के साथ क्राइम मीटिंग की। इसमें एसपी मनीष जिला में बढ़ती लूट व गोलीबारी की घटना को लेकर सख्त नजर आए। उन्होंने अधिकारियों को अपनी कार्यशाली में सुधार लाने की हिदायत देते हुए जमकर फटकार लगाई। एसपी मनीष ने लापरवाही बरतने पर सख्त कार्रवाई करने की चेतावनी दी। उन्होंने स्पष्ट कहा कि बैक, पेट्रोल पंप व छात्राओं की सुरक्षा में नो एक्सक्यूज। एसपी ने जिले के सभी थाना अध्यक्षों को तीन दिनों के अंदर बदमाशों को चिन्हित कर उनकी लिस्ट बनाने व उनकी गिरफ्तारी सुनिश्चित करने का निर्देश दिया। वहीं एसपी ने शराब तस्करों के खिलाफ कोई लापरवाही वर्दाश्त नही की जाएगी। इसलिए सभी थानाध्यक्ष इस पर स्वंय नजर बनाए रखें। इसके अलावे रोटेशन प्रणाली के तहत लगातार इलाके में गश्ती का आदेश दिए। वहीं क्राइम की समीक्षा बैठक में सदर डीएसपी गोरख राम, डुमरांव एसडीपीओ अफाक अंसारी ,पुलिस लाइन के सार्जेंट मैनेजर सहित नगर थानाध्यक्ष दिनेश मालाकार, डुमरांव थानाध्यक्ष बिन्देश्वरी राम, सिमरी थाना प्रभारी स्मृति कुमारी, औधोगिक थानाध्यक्ष मुकेश कुमार, मुफस्सिल थानाध्यक्ष राहुल कुमार, कृष्णाब्रह्म थानाध्यक्ष संतोष कुमार समेत जिले के सभी थानेदार मौजूद रहें।

### थानाध्यक्ष को अपराध पर अंकुश लगाने की हिदायत

एसपी ने आर्थिक अपराधों और साइबर क्राइम की घटनाओं पर भी रोक लगाने की सख्त हिदायत दी। वहीं सभी थानाध्यक्ष को अपराध पर अंकुश लगाने की चेतावनी दी। खासकर फरार अपराधियों की गिरफ्तारी सुनिश्चित करने को कहा। थानाध्यक्ष को यह पता लगाने का आदेश दिया कि उनके क्षेत्र में शराब के कारोबार में कौन-कौन लिप्त हैं।

### लंबित पड़े मामलों को जल्द से जल्द निपटाएं

पुलिस अधीक्षक मनीष कुमार ने थानाध्यक्ष को लंबित केस का जल्द से जल्द निष्पादन करने का आदेश देते हुए इस मामले में लापरवाही बरतने पर कार्रवाई करने की चेतावनी दी। उन्होंने कहा कि यदि आपराधिक घटनाएं बढ़ती हैं तो संबंधित थाना प्रभारी नपेंगे। इसमें किसी तरह की कोताही बर्दाश्त नहीं की जाएगी।

### शराबकांड में लिप्त पाए गए 200 लोगों पर हुई कार्रवाई

एसपी मनीष कुमार ने केशव टाईम्स से विशेष बातचीत में बताया कि अप्रैल में जिले में कांड व वारंट में 284 लोगों को गिरफ्तार कर जेल भेजा गया है। शराब के साथ 87 व पीने के आरोप में 113 व कुल 200 लोगों को शराब कांड में जेल भेजा गया। जबकि विदेशी शराब 772.48 लीटर व देशी 1041.19 लीटर बरामद की गई। जबकि हजारों लीटर विशेष अभियान चलाकर अर्द्धनिर्मित महुआ शराब को विनष्ट किया गया। वहीं 24 वाहनों को जब्त किया गया है। एसपी मनीष कुमार ने बताया कि इसके अलावे मादक पदार्थ में 8,8900 रुपए नकद, मोबाईल 01, हिरोइन 105 ग्राम एवं 20 पुडिया, 5.778 किलो गांजा, एक बाइक, छोटा तराजू, डिजिटल तराजू सहित 11 लोगों को गिरफ्तार कर जेल भेजा गया।

**10 आर्म्स हुए बरामद:** एसपी मनीष कुमार ने बताया कि अपराध की घटना बढ़ी है। इससे इंकार नही किया जा सकता है परन्तु पुलिस अपराधियों पर नकेल कसने में भी कामयाब रही है। जिसका परिणाम है कि 10 हथियार बरामद हुई है। इसमें राइफल 01, देशी कट्टा 05 व पिस्टल 04, 38 कारतूस, 12 मैगजीन बरामद हुआ है।

**अपराधिक घटनाओं के बाद हुई गिरफ्तारी:** एसपी ने बताया कि अप्रैल में तीन हत्या के मामले दर्ज हुए। इसमें चार लोगों की गिरफ्तारी हुई है। जबकि बाइक लूट कांड में 07 लोग गिरफ्तारी किए गए। वहीं जिले में कुल बाइक चोरी के 23 एफआईआर दर्ज हुए हैं। इसमें 4 बाइक बरामद हुई है। वहीं 5 चोरों को जेल भेजा गया है।

## खबरें फटाफट

### घर से गायब युवक का पेड़ से लटका मिला शव, आक्रोश

सासाराम। शुक्रवार की दोपहर रोहतास जिले के दिनारा थाना क्षेत्र के बकरा गांव में युवक का शव पेड़ से लटका दिखा। जिसके बाद इलाके में सनसनी मच गई। मृतक की पहचान बकरा निवासी शहजाद अंसारी 18 पिता अलाउद्दीन अंसारी के रूप में हुई। ग्रामीणों की सूचना पुलिसपर मौके पर पहुंची पुलिस को परिजनों के आक्रोश का सामना करना पड़ा। मृतक के पिता अलाउद्दीन अंसारी का कहना है कि गत चार मई से उनका लड़का गायब है। जिसकी सूचना दिनारा थाना को दिया गई थी। लेकिन पुलिस द्वारा कोई कार्रवाई नहीं की गई। अगर समय रहते पुलिस ने कार्रवाई की होती तो बेटे की जान बच सकती थी। वहीं मृतक के बड़े भाई सद्दाम ने बताया कि हम दोनों भाई सूरत में काम करते थे। ईद के त्योहार से पहले गांव आए थे। 5 मई शनिवार को हम लोग सूरत लौटने वाले थे, लेकिन उसके एक दिन पहले भाई गायब हो गया था। घटना स्थल पर पहुंचे एसडीपीओ एसडीपीओ शशि भूषण सिंह ने परिजनों को समझा बुझाकर कर शव को कब्जे में लेकर पोस्टमॉर्टम के लिए सासाराम भेज दिया। एसडीपीओ ने कहा कि मामले संलिप्त आरोपियों को गिरफ्तार कर पुलिस द्वारा सख्त कार्रवाई की जायेगी।

## चांदी थाना क्षेत्र के विशुनपुर गांव की घटना, गांव के बधार से मिला शव

# आपसी विवाद में साथियों ने ही बेलचा से पीट-पीटकर मजदूर की ले ली जान

- गांव के ही चार-पांच लोगों पर हत्या करने का लगाया जा रहा आरोप
- घटनास्थल से बेलचा और मोबाइल बरामद, जांच कर रही पुलिस
- गुस्साए लोगों ने पुलिस को शव उठाने से रोका, सड़क जाम कर किया हंगामा







**केटी न्यूज/आरा**

भोजपुर के चांदी थाना क्षेत्र के विशुनपुरा गांव में गुरुवार की देर रात एक मजदूर की बेलचा से पीट-पीटकर हत्या कर दी गयी। उसके सर का बायां हिस्सा बुरी तरह कुचला और कटा हुआ था। शव शुक्रवार की सुबह गांव के बधार से बरामद किया गया। शव के पास से बेलचा और मोबाइल भी बरामद किया गया है। घटनास्थल पर खून के कुछ छींटें भी गिरे थे। मृत मजदूर विशुनपुर स्व. रामानुज सिंह के 45 वर्षीय पुत्र जीतन सिंह उर्फ इंद्रजीत सिंह था। वह बालू घाट पर मजदूरी करता था और गुरुवार की सुबह मजदूरी करने घर से निकला था।? हत्या का आरोप साथ में मजदूरी करने वाले गांव के ही चार-पांच लोगों पर लगाया जा रहा है।

इधर, हत्या की खबर मिलते ही परिजन और ग्रामीण भड़क उठे। गुस्साए लोगों द्वारा मौके पर पहुंची पुलिस को शव उठाने से रोक दिया गया। शव के साथ चांदी-संदेश रोड को जाम कर हंगामा भी किया गया। गुस्साए लोग आरोपितों को गिरफ्तार करने, मुआवजा देने, एसपी और श्वान दस्ता को बुलाने की मांग कर रहे थे। सूचना मिलने पर चांदी थानाध्यक्ष सौरव कुमार पहुंचे और समझा कर लोगों को शांत कराया। उसके बाद शव का पोस्टमार्टम कराया गया। पुलिस घटना की छानबीन और परिजनों की शिकायत पर आरोपितों की धरपकड़ में जुटी है। पुलिस के अनुसार परिजन खाने-पीने के विवाद में हत्या करने का आरोप लगा रहे हैं। हालांकि हर एंगल से छानबीन की जा रही है।

**भाई बोलाः खाने-पीने के दौरान उपजे विवाद में की गयी हत्याः** इधर, मजदूर के चचेरे भाई शंकर सिंह ने उनके साथियों पर ही खाने-पीने के दौरान उपजे विवाद में हत्या करने का आरोप लगाया है। बताया कि उनके भाई जीतन सिंह उर्फ इंद्रजीत सिंह गुरुवार की सुबह करीब 11 बजे मजदूरी करने घर से बालू घाट की ओर निकले थे। गुरुवार की रात तक वापस नहीं लौटे, तो उनकी खोजबीन की गयी। उसके बावजूद उनका कुछ पता नहीं चल पाया। शुक्रवार की सुबह गांव के कुछ लोगों ने उनका शव बधार में देखा और सूचना दी। तब वे लोग पहुंचे। उन्होंने बताया कि वह गांव के कुछ दोस्तों के साथ बालू घाट पर मजदूरी करते थे। शाम में सभी लोग एक जगह बैठ कर खाते-पीते थे। गुरुवार की शाम भी वह सभी लोग मजदूरी कर वापस लौटे और बधार में बैठकर शराब पी रहे थे और खा रहे थे। उसी दौरान उनके बीच किसी बात को लेकर झगड़ा हो गया। उसके बाद साथियों ने ही बेलचा से पीट-पीटकर उनकी हत्या कर दी।

**पत्नी का उजड़ा सुहाग, तो इकलौते बेटे ही छिन गया पिता का प्यारः** बताया जाता है कि जीतन सिंह उर्फ इंद्रजीत सिंह अपने सात बहन और चार भाइयों में नौवें स्थान पर था। उनके परिवार में मां लीला कुंवर, पत्नी पुतुल देवी और छह साल का पुत्र राजू कुमार है। घटना के बाद उसके घर में कोहराम मच गया है। हत्या के बाद जहां पुतुल देवी का सुहाग उजड़ गया। वहीं इकलौते बेटे से पिता का प्यार छीन गया। घटना के बाद मां लीला कुंवर और पत्नी पुतुल देवी सहित परिवार के सभी सदस्यों का रो-रोकर बुरा हाल है।

## एक नजर

### बारातियों से भरा ट्रैक्टर अनियंत्रित होकर पलटी वृद्ध की मौत, चार की हालत गंभीर

**रोहतास।** शुक्रवार शाम बरातियों को लेकर जा रहा ट्रैक्टर अनियंत्रित होकर पलट गया। दुघर्टना में ट्रैक्टर सवार एक बराती की घटना स्थल पर ही मौत हो गई, जबकि चार लोग गंभीर रूप घायल हो गए। दुघर्टना डेहरी मुफ्फसिल थाना क्षेत्र के अकोढ़ीगोला-गंगोली नहर के सर्विस रोड हुई। सभी घायलों को इलाज के लिए अनुमंडलीय अस्पताल, डेहरी ले जाया गया है। प्रत्याक्षदर्शी लोगों ने बताया कि देवरिया से अनुअन कुमार की बारात डेहरी के झारखण्डी मंदिर जा रही थी। जैसे ही अकोढ़ीगोला-गंगोली नहर पहुंचा ट्रैक्टर अनियंत्रित होकर पलट गया। जिससे मौके पर ही रामचेला राम 60 साल की मौत हो गई। जबकि मुन्ना राम, रविंद्र कुमार, पहड़िया और हरेंद्र कुमार घायल हो गए। घटना के बाद चालक फरार हो गया। ट्रैक्टर पर 20 से ज्यादा लोग सवार थे। सूचना पर पहुंची डेहरी सीओ अनामिका कुमारी ने पीड़ित परिवार को मुआवजा का आश्वासन दिया है। मौके पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमॉर्टम के लिए सदर अस्पताल सासाराम भेज दिया है।

### रोहतास में कोरोना के चार नए मरीज मिले

**सासाराम।** रोहतास जिले में एक सप्ताह बाद शुक्रवार को कोरोना के चार नए मरीज मिले हैं। अस्पताल द्वारा जारी हेल्थ अपडेट में जानकारी दी गई कि पिछले 24 घंटों में जिले में 4 कोरोना पॉजिटिव मिले हैं। जिले में कोरोना के सक्रिय मरीजों की संख्या बढ़कर 5 हो गई है। अस्पताल के अनुसार पिछले 24 घंटों में 483 लोगों की जांच की गई। जिसमें एंटीजन के 255 और आरटीपीसीआर के 228 जांच हुए। जिसमें चार कोरोना पॉजिटिव पाए गए हैं। सभी 5 रोहतास जिले के रहने वाले हैं। सिविल सर्जन डॉ केएन तिवारी के अनुसार जिले में गत 33 दिनों में कोरोना के 24 मामले सामने आए हैं। जिसमें 19 ठीक हो गए हैं, जबकि 5 का इलाज होम आइसोलेशन में चल रहा है। प्रत्येक दिन 400 से अधिक जांचें की जा रहीं हैं। सिविल सर्जन ने आम लोगों से भी कोरोना गाइडलाइंस का पालन करने की अपील की है।

### मां के श्रद्धाकर्म का कार्ड बांटने निकले फौजी जीजा व साले की सड़क हादसे में मौत

**छपरा।** सड़क दुर्घटना में जीजा-साले की दर्दनाक मौत हो गई। जिसके बाद दो मौतों से परिजनों में चित्कार मच गया है। मृतक की पहचान सारण जिला के दाउदपुर थाना क्षेत्र के साधपुर गांव निवासी फौजी रूपेश कुमार सिंह 32 पिता स्व. लाल बाबू सिंह व रिविलगंज थाना क्षेत्र के मुखरेड़ा गांव निवासी प्रकाश कुमार सिंह 17 पिता राजू सिंह के रूप में हुई। दुघर्टना सिवान के हुसैनगंज इलाके में घटित हुई। परिजनों के अनुसार फौजी मां के श्राद्धकर्म करने आए था। वह साले के साथ श्राद्ध का कार्ड बांटने के लिए जा रहे थे। उसी दौरान अनियंत्रित पिकअप ने टक्कर मार दी। जिसमें दोनों की मौत हो गई। दुर्घटनासूचना मिलने के बाद परिजनों को स्थानीय पुलिस ने दी। मृतक रूपेश अपने परिवार में इकलौते संतान थे। परिजनों ने कहा कि रूपेश की मां खूबसूरता देवी का 29 अप्रैल को लखनऊ में निधन हो गया था। जिसके बाद रूपेश ने 30 अप्रैल को लखनऊ में मां का अंतिम संस्कार किया। जिसके बाद परिवार के साथ श्राद्धकर्म के लिए गांव आएं थे। साले प्रकाश के साथ कार्ड बांटने के लिए सीवान गए थे। मां का श्राद्ध 12 मई को हुआ। परिजनों कक अनुसार मृतक रूपेश का आर्मी में 2011 में चयन हुआ था। जो फिलहाल अरुणाचल प्रदेश के दिमापुर में आर्मी के नायक के पद पर पोस्टेड थे। परिजनों ने मौत की सूचना कार्यस्थल पर दी। जिसके बाद दानापुर छावनी से आये सेना के जवानों ने रूपेश को श्रद्धांजलि दी।

### दूसरी बार शराब सेवन करने पर आरोपी को मिली एक साल कारावास की सजा

**जहानाबाद।** विशेष उत्पाद न्यायालय द्वितीय अपर जिला एवं सत्र न्यायाधीश राकेश कुमार प्रथम की अदालत ने दूसरी बार शराब का सेवन करने पर आरोपी आलोक कुमार को 1 वर्ष कारावास की सजा सुनाई है। आरोपी आलोक कुमार जहानाबाद शहर के काली मंदिर स्थान निवासी बताया जाता है। उक्त संबंध में बिहार सरकार की तरफ से मामले में पैरवी कर रहे विशेष उत्पाद न्यायालय के विशेष लोक अभियोजक प्रमोद कुमार ने बताया कि आरोपी आलोक कुमार के द्वारा पूर्व में भी शराब का सेवन करते हुए पकड़ा गया था जहां उसके विरुद्ध नगर थाने में प्राथमिकी दर्ज किया गया था। बताते चलें कि अगले महीने फिर से आरोपी के द्वारा शराब सेवन करते हुए पुलिस पदाधिकारियों के द्वारा पकड़ा गया और नगर थाने में आरोपी के विरुद्ध प्राथमिकी 759/22 दर्ज किया गया था। लिहाजा मामला उत्पाद न्यायालय में पहुंचने पर विशेष उत्पाद न्यायाधीश द्वितीय राकेश कुमार प्रथम की अदालत ने सुनवाई करते हुए बिहार उत्पाद अधिनियम की धारा 37 के तहत दूसरी बारशराब सेवन का दोषी पाते हुए आरोपी आलोक कुमार को 1 वर्ष कारावास की सजा सुनाई है।

### आर्म्स एक्ट में आरोपी को दो वर्ष का सश्रम कारावास

**जहानाबाद।** अपर मुख्य न्यायिक दंडाधिकारी अमरजीत कुमार की अदालत ने आर्म्स एक्ट के मामले में आरोपी विनोद कुमार को धारा 25(1-इ), 26 के तहत दोषी करार करते हुए 2 वर्ष सश्रम कारावास एवं 3000 रुपये अर्थदंड की सजा सुनाई है। अर्थदंड न देने पर अभियुक्त को 1 महीने अतिरिक्त कारावास की सजा भुगतनी होगी। इस संबंध में सहायक अभियोजन अधिकारी अवनीश त्रिपाठी ने बताया कि 26 अक्टूबर 2001 को कड़ौना ओ.पी थाना प्रभारी रविंद्र करमाली अन्य पुलिस बलों के साथ गया पटना मुख्य सड़क मार्ग पर कनौदी के पास संध्या में वाहन चेकिंग एवं आने जाने वालों पर निगरानी कर रहे थे, उसी दरमियान जहानाबाद की तरफ से आ रहे बाइक सवार व्यक्ति पुलिस चेकिंग को देखकर घबराया हुआ दिखा । संदेह होने पर थाना प्रभारी रवींद्र करमाली के द्वारा उक्त व्यक्ति का जांच किया गया, जांच के क्रम में आरोपी विनोद यादव के कमर में खोसा हुआ देशी पिस्तौल बरामद हुआ।

## 45 दिनों तक मौत से लड़ने के बाद जिंदगी की जंग हार गया सुधीर, सनकी दारोगा की गोली का हुआ था शिकार

**केटी न्यूज/जहानाबाद**

बिहार के जहानाबाद जिला में एक सनकी दारोगा ने वाहन जांच के दौरान बिना हेलमेट के भाग रहे एक युवक पर गोली चलाई थी। इस घटना में युवक बुरी तरह से जख्मी हो गया था। 45 दिन पहले बिहार पुलिस का एक खौफनाक चेहरा दिखा था। जब एक मनबढ़ू दारोगा ने वर्दी की हनक दिखाते हुए निर्दोष युवक को गोली मार दी थी। इस घटना के बाद खूब हंगामा मचा और गोली मारने वाले दारोगा पर भी कार्रवाई हुई लेकिन 45 दिनों तक मौत से लड़ने के बाद सुधीर जिंदगी की जंग हार गया।

जिले के ओकरी थाना की पुलिस द्वारा पिछले 28 मार्च को वाहन चेकिंग के दौरान हेलमेट नहीं पहनने के जुर्म में एक युवक सुधीर कुमार जिसकी उम्र लगभग 20 वर्ष थी (मैयमा कोरथु गांव निवासी) को गोली मार दी गई थी, जिसके बाद घायल युवक का नालंदा जिले के हिलसा में इलाज चला उसके बाद पटना के एक निजी अस्पताल में इलाज चल रहा था। घायल युवक की 45 दिन बाद इलाज के दौरान मौत हो गई। इस घटना के बाद परिवार में कोहराम मच गया है। मृतक युवक सुधीर परिवार में इकलौता संतान था। गौरतलब है कि ओकरी थाना की पुलिस पिछले 28 मार्च को ओकरी थाना क्षेत्र के अनंतपुर गांव के समीप वाहन चेकिंग कर रही थी। उसी दौरान यह युवक मोटरसाइकिल से बंधुगंज बाजार जा रहा था। हेलमेट नहीं रहने के कारण युवक वाहन चेकिंग देखकर घबरा गया और वहां से भागने लगा। उसी दौरान ओकरी थाना में पदस्थापित दरोगा मुमताज आलम ने पीछे से युवक को गोली मार दी। स्थानीय लोगों की मदद से उसे इलाज कराया गया और उसके बाद उसके परिजनों को सूचना देने के बाद परिजन उसे हिलसा के एक निजी अस्पताल में भर्ती कराया और वहां से डॉक्टरों ने उसे बेहतर इलाज के लिए पटना रेफर कर दिया था, जहां एक निजी अस्पताल में उसका इलाज चल रहा था। इस बीच गुरुवार की देर रात उसकी इलाज के दौरान मौत हो गई।

## मुजफ्फरपुर में गैस लीक से हुई अगलगी में तीन लोगों की मौत

**केटी न्यूज/मुजफ्फरपुर**

मुजफ्फरपुर में शुक्रवार को भीषण अगलगी में 3 लोगों की मौत हो गई। वहीं, इस हादसे में 6 घर जलकर राख हो गए। फिलहाल 5 लाख से अधिक के नुकसान की बात सामने आ रही। घटना जिले के कथैया थाना क्षेत्र के जसौली गांव में घटी। आगजनी का कारण खाना बनाने के दौरान हुए गैस लीक को बताया जा रहा। स्थानीय लोगों के अनुसार, जसौली गांव में खाना बनाने के दौरान भीषण आगजनी की घटना हो गई। आग लगने की सूचना मिलते ही इलाके के लोग जान बचाकर इधर उधर भागने लगे। इस दौरान 3 लोगों की झुलसने से दर्दनाक मौत हो गई। मृतकों की पहचान हाफिज मिया, मुमनेश बेगम और अलीना बेगम रूप में हुई है। वहीं अगजनी की घटना के बाद स्थानीय लोगों ने आनन-फानन में आग पर काबू पाने की कोशिश की। लेकिन देखते ही देखते आग इतनी तेजी से फैली कि किसी को संभालने का मौका नहीं मिला।

## उपमुख्यमंत्री सह स्वास्थ्य मंत्री तेजस्वी यादव ने सभी जिलों से चयनित एएनएम व सीएचओ को किया सम्मानित

# फ्लोरेंस नाइटेंगल दिवस पर सूबे में टीबी मुक्त पंचायत पहल की शुरुआत

- समस्तीपुर एवं मुजफ्फरपुर को स्वर्ण पदक, सिवान को रजत पदक, पुर्णिया एवं सारण को कांस्य पदक मिला
- स्वर्ण पदक प्राप्त जिलों को पांच-पांच लाख एवं रजत व कांस्य पदक प्राप्त जिलों को तीन व दो लाख रु दिए गए



**केटी न्यूज/पटना**

फ्लोरेंस नाइटेंगल दिवस के अवसर पर शुक्रवार को उर्जा ऑडिटोरियम पटना में उपमुख्यमंत्री सह स्वास्थ्य मंत्री तेजस्वी प्रसाद यादव ने टीबी मुक्त पंचायत पहल का शुभारंभ किया। इस अवसर पर स्वास्थ्य विभाग के अपर मुख्य सचिव प्रत्यय अमृत, सचिव के सेंथिल कुमार, सचिव- स्वास्थ्य- सह - कार्यपालक निदेशक, राज्य स्वास्थ्य समिति, बिहार, संजय कुमार सिंह, परियोजना निदेशक, बिहार राज्य एड्स नियंत्रण समिति, अलंकृता पांडे, सहित सभी जिलों के सिविल सर्जन, जिला कार्यक्रम प्रबंधक, संचारी एवं गैर संचारी रोग पदाधिकारी के साथ-साथ उत्कृष्ट कार्य करने वाली नर्स, सीएचओ, चिकित्सा पदाधिकारी आदि करीब 500 लोगों ने कार्यक्रम में शिरकत की।

इस अवसर पर माननीय उपमुख्यमंत्री द्वारा राष्ट्रीय यक्ष्मा उन्मूलन कार्यक्रम में प्रशिक्षण के लिए टीबीडीसी पटना द्वारा तैयार स्वास्थ्य कार्यकर्ता प्रशिक्षण मोडयूल के द्वितीय संस्करण का विमोचन एवं टीबी उन्मूलन में उत्कृष्ट कार्य हेतु वन वर्ल्ड टीबी समिट (वाराणसी) में पुरस्कृत पांच जिलों समस्तीपुर एवं मुजफ्फरपुर (स्वर्ण पदक), सिवान (रजत पदक), पुर्णिया एवं सारण (कांस्य पदक) को प्रमाणपत्र एवं मेडल देकर सम्मानित किया। समारोह में स्वर्ण पदक प्राप्त जिलों को पांच पांच लाख एवं रजत तथा कांस्य पदक प्राप्त जिलों को क्रमशः तीन लाख एवं दो लाख रुपये की सम्मान राशि भी प्रदान की गई।

वर्ष 2022 में राष्ट्रीय यक्ष्मा उन्मूलन कार्यक्रम अंतर्गत प्रमुख पांच संकेतकों पर उत्कृष्ट उपलब्धि वाले जिलों शिवहर, गोपालगंज, बेगुसराय, जहानाबाद, भोजपुर, भागलपुर, पुर्णिया, कटिहार, गया, पटना, दरभंगा, मुंगेर एवं औरंगाबाद जिलों को प्रशस्ति पत्र एवं स्मृति चिन्ह उक्त जिलों के सिविल सर्जन, जिला कार्यक्रम प्रबंधक एवं संचारी रोग पदाधिकारी को प्रदान किया गया।

**फ्लोरेंस नाईटेंगल नर्सेस अवार्ड :** शुक्रवार को वर्ष 2023 में राज्य अंतर्गत नर्सिंग प्रषेत्र में उत्कृष्ट एवं सराहनीय सेवा प्रदान करने वाली सभी जिलों एवं सभी सरकारी मेडिकल कॉलेज एवं अस्पतालों से एक नर्स को फ्लोरेंस नाईटेंगल नर्सेस अवार्ड से पुरस्कृत किया गया। पुरस्कृत एक एएनएम अथवा जीएनएम को एक प्रशस्ति पत्र, एक मैडल तथा 10,000 रुपये प्रदान किये गए। टीबी मुक्त पंचायत पहल के शुभारंभ से पहले सभी सिविल सर्जन, संचारी रोग पदाधिकारी(यक्ष्मा), जिला कार्यक्रम प्रबंधक एवं 100 से अधिक आयुष्मान भारत हेल्थ एंड वेलनेस सेंटर पर कार्यरत सीएचओ को टीबी मुक्त पंचायत पहल का उद्देश्य, क्रियान्वयन के लिए आवश्यक तैयारियों, टीबी मुक्त पंचायत के लिए दावे एवं सत्यापन की प्रक्रिया पर राज्य स्तरीय प्रशिक्षण डॉ. बाल कृष्ण मिश्र एवं उनकी टीम द्वारा दिया गया।

## खबरें फटाफट

### अंतरप्रांतीय रेल चोर चढ़ा जीआरपी के हत्थे, भेजा गया जेल

**बक्सर।** पूर्व मध्य रेलवे दानापुर मंडल के पटना-डीडीयू रेल खंड से गुजरने वाली ट्रेनों तथा स्टेशनों पर यात्रियों के साथ चोरी की घटना को अंजाम देने वाले शातिर अंतरप्रांतीय रेल चोर को शुक्रवार की सुबह करीब 4.20 बजे जीआरपी डीडीयू की टीम ने गिरफ्तार कर जेल भेज दिया। जिसके पास से रेल यात्रियों से चुराया गया 4 लाख रुपये के सोने के गहने, तीन स्मार्टफोन और 10 हजार रुपये नकद बरामद हुआ। गिरफ्तार चोर बक्सर जिला के नया भोजपुर ओपी थाना क्षेत्र अंतर्गत पुराना भोजपुर पश्चिम टोला का राम ईश्वर पांडेय पिता स्व०विष्णु भगवान पांडेय है। जीआरपी डीडीयू के प्रभारी निरीक्षक सुरेश कुमार सिंह ने बताया कि रेल अपराधियों, तस्करों तथा संदिग्ध यात्रियों को लेकर थाने के उपनिरीक्षक विद्यासागर और संतोष कुमार ओझा की टीम रेलवे सकुर्लेटिंग एरिया और प्लेटफार्म पर भ्रमणशील थी। उसी दौरान प्लेटफार्म नंबर-1/2 के पश्चिमी छोर स्थित शहीद बाबा के मजार के पीछे एक व्यक्ति संदिग्ध हालात में बैठा नजर आया और पुलिस टीम को देख खिसकने लगा तो पकड़ कर पूछताछ करने पर संतोष जनक उत्तर नहीं मिलने पर जब उसके बैग की तलाशी ली गई तो यात्रियों से चुराई गई 4 सोने की चैन, दो सोने की अंगूठी, एक जोड़ी कान का झाला, दो सोने के बेलपत्र, तीन स्मार्टफोन और 10 हजार रुपये नकद बरामद हुआ।

### बक्सर में राष्ट्रीय लोक अदालत आज

**बक्सर।** बक्सर में शनिवार को राष्ट्रीय लोक अदालत का आयोजन किया जाएगा। मुकदमों के निष्पादन के लिए कोर्ट के लंबित मामलों में से लगभग 6 हजार 700 वादों को चिह्नित कर पक्षकारों व पीड़ितों को थाना के माध्यम से नोटिस भेजा गया है। नोटिस का तामिला शत-प्रतिशत करा लिया गया है। राष्ट्रीय लोक अदालत में आपराधिक मामले, एनआई एक्ट के मामले, बैंक ऋण वसूली संबंधित मामले, मोटर दुर्घटना बीमा दावा वाद के मामले, श्रम विवाद, बिजली एवं पानी बिल, वैवाहिक विवाद (तलाक छोड़कर), भू-अधिग्रहण के मामले, वेतन एवं पेंशन संबंधित मामले, राजस्व से संबंधित मामले एवं अन्य दीवानी वादों का सुलह समझौते के आधार पर निपटारा किया जाएगा।

# नामांकन के तीसरे दिन 22 ने भरा पर्चा, पूरे दिन गुलजार रहा अनुमंडल कार्यालय

- उप मुख्य पार्षद के एक तथा विभिन्न वार्डों के पार्षद पद के 21 प्रत्याशियों ने भरा नामजदगी का पर्चा



**केटी न्यूज/डुमरांव**

डुमरांव में नगर परिषद चुनाव का नमांकन जारी है। तीसरे दिन उप मुख्य पार्षद पद के एक तथा पार्षद पद के 21 समेत कुल 22 प्रत्याशियों ने नामजदगी का पर्चा भरा। नामांकन प्रक्रिया शुरू होने के बाद यह पहला मौका था जब इतनी बड़ी संख्या में प्रत्याशी नामांकन फार्म भरने अनुमंडल कार्यालय गए थे। प्रत्याशियों तथा उनके समर्थकों के कारण पूरे दिन अनुमंडल कार्यालय गुलजार रहा। नामांकन के दौरान अनुमंडल प्रशासन द्वारा सुरक्षा के कड़े इंतजाम किए गए थे। प्रत्याशियों के साथ सिर्फ निर्धारित संख्या में प्रस्तावक व समर्थकों को ही अंदर जाने दिया जा रहा था। वही कड़ी धूप व लू के बावजूद बैरेकेटिंग के बाहर पूरे दिन लोग उमड़े रहे। निवार्ची पदाधिकारी सह डुमरांव एसडीएम कुमार पंकज के नेतृत्व में प्रशासनिक टीम द्वारा प्रत्याशियों तथा उनके प्रस्तावक व समर्थक का नामांकन फार्म जमा कराया जा रहा था।

### तीसरे दिन भी मुख्य पार्षद पद के लिए नहीं हुआ नामांकन

जिन प्रत्याशियों ने शुक्रवार को नामजदगी का पर्चा दाखिल किया है उनमें पुराना भोजपुर से उप मुख्य पार्षद पद के प्रत्याशी दशरथ चौधरी ने नमांकन फार्म जमा किया है। उपमुख्य पार्षद पद पर नामजदगी का पर्चा भरने वाले वे पहले प्रत्याशी बने है। हालांकि तीसरे दिन भी मुख्य पार्षद पद का खाता नहीं खुल सका है। वही निर्वाचन कोषांग से मिली जानकारी के अनुसार वार्ड 29 से पूर्व पार्षद मो कस्मुद्दीन, वार्ड 32 से पूर्व मुख्य पार्षद विभा देवी, वार्ड 34 से बैजंती देवी, वार्ड 17 से आभा कुमारी, 20 से कंचन सिन्हा, 21 से इमरान अंसारी, 24 सुशीला देवी, 25 से सुबोध कुमार सिन्हा उर्फ टिंकू, 25 से कलीम अहमद खां, 26 से कंचन देवी, मोशरत जहां व निरंजन देवी, 27 से मीना देवी, वार्ड 2 से प्रियंका कुमारी, अनिता देवी, वार्ड 3 से योगेन्द्र सिंह, राजेश चौधरी, वार्ड 4 से उपेन्द्र चौधरी, 5 से मो अफजल खां, 14 से कलावती देवी, 15 से मीना देवी ने अपने-अपने वार्ड से वार्ड पार्षद पद के लिए नामांकन फार्म जमा किया है।

**डीएम के हस्तक्षेप पर मिला नो ड्यूजः**

नगर परिषद चुनाव के दौरान कई रोचक वाकया देखने को मिल रहा है। ऐसा ही एक मामाला सामने आया है जब चेयरमैन पद की एक प्रत्याशी को नगर परिषद से नो ड्यूज नहीं मिलने पर डीएम का दरवाजा खटखटाना पड़ा है। जानकारी के अनुसार गड़ेरी टोला निवासी व फुटपाथ विक्रेता संघ के चर्चित नेता मिंटू हॉशमी अपने अपनी पत्नी तरन्नुम परवीन को चेयरमैन का चुनाव लड़ा रहे है। हालांकि मिंटू पहले से ही नगर परिषद प्रशासन की आंखों की किरकिरी बने हुए है। जिस कारण नगर परिषद प्रशासन द्वारा उन्हें नो ड्यूज देने में आनाकानी किया जा रहा था। कई दिनों तक दौड़ लगाने के बाद जब उन्हें बकाया रहित का प्रमाण पत्र नहीं मिला तो तरन्नुम ने निवार्ची पदाधिकारी सह एसडीएम कुमार पंकज व डीएम अंशुल अग्रवाल का दरवाजा खटखटाया। डीएम के निर्देश पर शुक्रवार को एसडीएम ने नगर परिषद के कार्यपालक पदाधिकारी को पत्र जारी कर समय रहते उनका नो ड्यूज सर्टिफिकेट देने का निर्देश दिया है। इसके बाद तरन्नुम को नगर परिषद से बकाया रहित का प्रमाण पत्र मिलने की उम्मीद जगी है। बता दें कि नामांकन फार्म के साथ नगर परिषद कार्यालय से बकाया रहित का प्रमाण पत्र लगाना जरूरी है।

## अंधविश्वास की आड़ में लूटः कोरानसराय थाना क्षेत्र के चुआड़ गांव की घटना

# साधु का रूप धरा बहुरूपिया घरवालों को बेहोश कर आभूषण व नगदी ले भागा

- बहरुपिए ने एक परिवार को झांसे में ले किस्मत बदलने के नाम पर जलेबी में नशीला पदार्थ खिला दिया
- पीड़ितों का अनुमंडलीय अस्पताल में चल रहा इलाज



**केटी न्यूज/डुमरांव**

अंधविश्वास के चक्कर में लोग मुशीबतों को मोल लेते है। एक ऐसा ही मामला शुक्रवार को कोरानसराय थाना क्षेत्र चुआड़ गांव में सामने आया है। यहां साधु के वेश में आए एक बहुरूपिए ने एक परिवार को झांसे में ले किस्मत बदलने के नाम पर जलेबी में नशीला पदार्थ खिला दिया। जिससे पूरा परिवार बेहोश हो गया। इसके बाद वह आराम से घर में रखे आभूषण, नगदी तथा अन्य कीमती सामान लेकर फरार हो गया है।

आस पास के लोगों को जब इस घटना की भनक लगी तो सभी को बेहोशी की अवस्था में इलाज के लिए लेकर डुमरांव अनुमंडलीय अस्पताल पहुंचे। जहां समाचार लिखे जाने तक उनका इलाज जारी था। हालांकि प्राथमिक इलाज के बाद उनकी हालत सुधर रही है। नशीली जलेबी खाने वालों में गृह स्वामी सुरेन्द्र पांडेय ( 50 वर्ष ) उनकी पत्नी धर्मशीला देवी, पुत्री खुशबू, रीमा, अंतिमा के अलावे तीन और पुत्रियां, बेटा तथा एक नाती शामिल है। हालांकि बहरूपिए द्वारा घर से कितना आभूषण व नगदी की चोरी की है उसकी जानकारी नहीं मिल सकी है। परिवार वालों के स्वस्थ होने के बाद ही यह पता चल सकता है कि उक्त तथाकथित साधु ने उन्हें कितना का चुना लगाया है। इस घटना के बाद गांव में दहशत फैल गई है। ग्रामीणों की मानें तो सुरेन्द्र पांडेय का पूरा परिवार उक्त जलेबी को खा बेहोश हो गया था। आस पास के लोगों को जानकारी मिलते ही उन्हें अस्पताल पहुंचाया गया। इस घटना के बाद से गांव में चल रहे श्री लक्ष्मी नारायण महायज्ञ में शामिल होने आए दूर दराज के साधुओं से भी लोग परहेज करने लगे है।

**साधु का स्वांग देख झांसे में आ गया पूरा परिवारः** जानकारी के अनुसार चुआड़ पश्चिम टोला के सुरेन्द्र पांडेय का परिवार काफी आस्तिक प्रवृति का है। उन्हें छह बेटी व एक बेटा है। शुक्रवार को दोपहर उनके घर एक तथाकथित साधु आया। उसके वेष भूषा को देख पांडेय का परिवार काफी खुश हुआ तथा बढ़िया से आवभगत किया। आवभगत के बाद साधु ने अपने साथ लाए जलेबी को पूरे परिवार को प्रसाद बता खिला दिया। जानकारों का कहना है कि जलेबी खाने के बाद पूरा परिवार एक एक कर बेहोश हो गया। इसके बाद साधु सारा सामान लेकर फरार हो गया। कुछ देर बाद पड़ोस की एक महिला किसी काम से उनके घर गई तो उनकी हालत देख उसकी चीख निकल गई। वह शोरगुल मचाते हुए उनके घर से निकली तथा आस पास के लोगों को इस घटना की जानकारी दी।

### घर में पहले से आता-जाता रहा है साधु

ग्रामीण सूत्रों की मानें तो उक्त तथाकथित साधु पिछले एक-डेढ़ वर्षों से उनके घर आता जाता रहा है। इस दौरान उसने परिवार वालों पर भरोसा भी जमा लिया होगा। यही कारण है कि जब वह नशीली जलेबी खिलाया होगा तो परिवार वाले पूर्व परिचित होने के कारण किसी तरह का शक नहीं किए होंगे। बता दें कि यह घटना चुआड़ तथा आस पास के गांव के लिए पहली ऐसी घटना है जब किसी तथाकथित साधु ने पूरे परिवार को झांसे में ले उन्हें नशीला पदार्थ खिला लूटा है। इस घटना के बाद से ग्रामीण डरे सहमें है। गांव के युवा सामाजिक कार्यकर्ता गांधी पांडेय ने बताया कि उनके गांव में पहले ऐसी घटना नहीं हुई थी।

### गांव में चल रहा है श्री लक्ष्मीनारायण यज्ञ

बता दें कि चुआंड़ में परम पूज्य संत श्री लक्ष्मी प्रपन्न जीयर स्वामी जी के मंगलानुशासन में श्री लक्ष्मी नारायण महायज्ञ संचालित हो रहा है। जिस कारण साधु संतो का जमावड़ा लगा हुआ है। इस महायज्ञ के आयोजन से गांव में भक्तिमय महौल बना हुआ है। जिस कारण ग्रामीणों में स्वतः ही साधु संतों के प्रति अनुराग हो गया है। हालांकि इस घटना का यज्ञ से कोई संबंध नहीं है।

### क्या कहते हैं एसडीपीओ

घटना की जानकारी मिलते ही चुआड़ पहुंच मामले की जांच की गई। सुरेन्द्र पांडेय के घर में एक बक्सा का ताला टूटा मिला है। परिजनों के स्वस्थ होने के बाद ही पता चलेगा कि कितने की संपति को उक्त जालसाज ले गया है। उन्होंने कहा कि अभी तक जो प्रारंभिक जानकारी मिली है उसके अनुसार पति पत्नी के बीच विवाद था। इसी विवाद को सुलझाने के बहाने वह बहरूपिया पूरे परिवार को झांसे में ले लिया था। परिजनों से जानकारी लेने के बाद तथाकथित साधु की पड़ताल की जाएगी।

**- अफाक अंसारी, एसडपीओ, डुमरांव**

## एक नजर

### डुमरांव विधायक ने रेहियां में जलजमाव का लिया जायजा, समाधान का दिया आश्वासन



**डुमरांव।** स्थानीय विधायक डॉ अजित कुशवाहा ने शुक्रवार को सोवां पंचायत के रेहियां गांव पहुंच जलजमाव का जायजा लिये। वे ग्रामीणों की शिकायत पर जलजमाव का जायजा लेने पहुंचे थे। इस दौरान उन्होंने ग्रामीणों का आश्वस्त किया कि जल्दी ही इस समस्या का समाधान किया जाएगा। इस दौरान उनके साथ डुमरांव बीडीओ संतोष कुमार, सीओ अंकिता सिंह व ब्रह्मपुर थानाध्यक्ष मौजूद थे। विधायक ने बताया कि बरसात एवं नालियों के पानी की निकासी पूरे गाँव के लिए एक बड़ी समस्या बनी हुई है। किसी भी नाली का निकास नहीं है। जिस कारण नालियों का पानी इधर उधर फैल जलजमाव की समस्या उत्पन्न कर रहा है। बताया जाता है कि गांव के सभी निकास द्वार पर रैयती जमीन है जिस कारण नालियों का निकास बाधित हो रहा है। विधायक ने ग्रामीणों एवं अधिकारियों के साथ हुए बैठक में समस्या के निदान के लिए पहल कर सभी रैयतों से आग्रह किया कि गाँव व समाज की बेहतरी एवं भविष्य को देखते हुए थोड़ा-थोड़ा जमीन नाली एवं रास्ते के निर्माण के लिए छोड़ दें। निर्माण कार्य के लिए फण्ड की कमी नहीं होने दिया जायेगा। उन्होंने डुमरांव सीओ को नाली निर्माण में बाधा बनने वाली सभी भूमि का मापी कर ग्रामीणों के सहयोग से बाधा दूर करने का निर्देश दिया। जबकि बीडीओ को इस काम में आ रही अड़चनों को दूर करने को कहा गया। बैठक में सोवां पंचायत के मुखिया, बीडीसी, सरपंच, वार्ड सदस्यों, माले नेता कन्हैया राम, नीरज कुमार, उमेश व सैकड़ों ग्रामीण उपस्थित थे।

### सीबीएसई 10वीं व 12वीं बोर्ड का रिजल्ट जारी, जिले के छात्रों ने लहराया परचम



**डुमरांव।** सीबीएसई दसवीं व बारहवीं का परीक्षा परिणाम घोषित हो चुका है। इस परीक्षा में डुमरांव के काली आश्रम स्थित संत जान सेकेन्ड्री स्कूल के छात्रों ने परचम लहराया है। इस विद्यालय के परीक्षा में शामिल होने वाले सभी छात्र अच्छे नंबरों से परीक्षा पास कर स्कूल तथा जिले का नाम रौशन किया है। रिजल्ट जारी होते ही छात्रों में खुशी की लहर दौड़ गई है। स्कूल प्रबंधन द्वारा दी गई जानकारी के अनुसार 12 वी की परीक्षा में सबसे अधिक अंक सुनिधि सोनी ने 91.20, शाश्वत आनंद 87.20 प्रतिशत अंक प्राप्त किए हैं। वहीं 10वीं में छात्रों का शत प्रतिशत अंक प्राप्त किए। शेष अन्य बच्चों का भी बेहतर परिणाम रहा। परीक्षा परिणाम जारी होने के बाद निदेशक डा. रमेश सिंह ने कहा कि यह हमारे शिक्षकों एवं बच्चों द्वारा सही दिशा में किए गए कठिन परिश्रम का परिणाम है। उन्होंने सभी विद्यार्थियों के उज्ज्वल भविष्य की कामना की है। धमाकेदार सफलता पर स्कूल के प्राचार्य सहित सभी शिक्षकों एवं कर्मचारियों के साथ बच्चों को बधाई दिया है। उन्होंने कहा कि हमारा प्रयास छात्रों को गुणवत्तापूर्ण शिक्षा देना है।

### सरस्वती शिशु मंदिर के शिक्षकों की हुई बैठक



**बक्सर।** शुक्रवार को बक्सर के सिविल लाइन, बड़ा बाजार स्थित सरस्वती बालिका विद्या मंदिर के सभागार में सरस्वती शिशु मंदिरों एवं विद्या मंदिरों के शिक्षकों की एक बैठक आयोजित हुई। जिसका उद्घाटन मुख्य अतिथि सह शिक्षा भारती के प्रदेश सचिव प्रदीप कुमार कुशवाहा ने दीप प्रज्वलित कर किया। बैठक की अध्यक्षता विद्यालय के सचिव राजेश प्रताप सिंह ने जबकि अतिथियों का स्वागत एवं परिचय विद्यालय के प्रधानाचार्य विमल कुमार पांडेय ने किया। विषय प्रवेश विभाग प्रमुख वीरेंद्र कुमार ने किया। मुख्य अतिथि प्रदेश सचिव ने शहर में चल रहे सभी शिशु मंदिरों के शिक्षकों के दायित्वों एवं कर्तव्यों के बारे में विस्तार से चर्चा की। उन्होंने कहा कि समाज में हो रहे अन्याय के खिलाफ चुप नहीं रहना है। बल्कि बौद्धिक रूप से समाज को जागरूक करना है। सामाजिक कुरीतियों को दूर करने में हमें अहम भूमिका निभानी है। उन्होंने कहा कि शिक्षक समाज को गढ़ते है। सभ्य समाज का निर्माण भी शिक्षकों के हाथों में ही निहित है। सामाजिक व्यक्ति होने के नाते समाज को सही दिशा में ले चलना हम सबका दायित्व है। बैठक में विद्यालय के कर्मचारियों छात्रों की शिक्षा तथा चरित्र निर्माण के संबंध में कई आवश्यक दिशा निर्देश भी दिए गए। मौके पर प्रधानाचार्य रामजी प्रसाद सिन्हा, सुरेश कुमार मिश्र, जैनेंद्र कुमार, प्रदीप राय मौजूद थे।

# सीएम के जनता दरबार पहुंचा पड़री में अधूरी पड़ी नाली का मामला, जिला पंचायती राज पदाधिकारी ने की जांच

**केटी न्यूज/सिमरी**

पड़री पंचायत में के वार्ड तीन में सात निश्चय योजना के तहत अधूरी बनी नाली का मामला मुख्यमंत्री नीतीश कुमार के जनता दरबार पहुंच गया है। मुख्यमंत्री के निर्देश पर शुक्रवार को जिला पंचायती राज पदाधिकारी चंद्रशेखर ने पड़री पहुंच उक्त योजना की जांच की। जिला पंचायती राज पदाधिकारी के जांच में शिकायतकर्ता की शिकायत सही पाई गई। जाहिर है। उन्होंने ग्रामीणों से अधूरे पड़े योजना के बारे में पूछताछ भी की।



ग्रामीणों ने कहा कि वर्षो पहले जिस स्थान पर नाली बनी थी, वहा नाली निर्माण पर शिकायतकर्ता को आपत्ति है। उनका कहना है कि नाली दो फीट दक्षिण की जमीन पर बननी चाहिए थी। जिस जमीन पर नाली बनी है वह रैयती है। ऐसे में बिना रैयतदार से सहमति लिए नाली का निर्माण कराए जाने के कारण ही इस पर विरोध है। बता दें कि उक्त नली का निर्माण वितीय वर्ष 2020-21 में मुख्यमंत्री सात निश्चय योजना के तहत शुरू कराई जा रही थी। लेकिन आपसी विवाद के चलते बीस फीट तक नाली का निर्माण नहीं हो सका है। जिसको लेकर लिलावती देवी पति शंकर दुबे की ओर से कार्य का पुरा करने के लिए मुख्यमंत्री के जनता दरबार में शिकायत दर्ज कराई गई थी। जांच पदाधिकारी ने शिकायत को सही पाते हुए कहा कि शीघ्र ही इस नाली गली का निर्माण कार्य पूरा कराया जाएगा। जांच के दौरान पंचायत सचिव मु एकराम, जेई नंदकुमार समेत कई ग्रामीण मौजूद रहे।

# दिव्यांगता प्रमाण पत्र बनवाने के लिए केसठ में 22 व 23 को लगेगा शिविर

**केटी न्यूज/केसठ**

प्रखंड मुख्यालय स्थित मनरेगा भवन के प्रांगण में जिलाधिकारी के निर्देश पर जीरो से 18 वर्ष के बच्चों का दिव्यांगता प्रमाण पत्र बनाने के लिए शिविर का आयोजन 22 व 23 मई को होना है। बताते चलें कि जिलाधिकारी बक्सर अंशुल अग्रवाल के निर्देश पर विशेष आवश्यकता वाले सभी बच्चों का दिव्यांगता प्रमाण पत्र प्रखंडवार शिविर का आयोजन कर निर्गत किया जाना है। अब दिव्यांग प्रमाण पत्र बनवाने के लिए अभिभावकों और बच्चों को प्रखंड का चक्कर नहीं लगाना पड़ेगा। चिकित्सकों की टीम द्वारा दिव्यांग बच्चों के लिए दिव्यांगता प्रमाण पत्र बनाया जाना है। प्रमाण पत्र के साथ साथ दिव्यांगता का यूडी आईडी कार्ड भी जारी किया जाएगा। इसकी जानकारी देते हुए पीएचसी के प्रभारी चिकित्सा पदाधिकारी डॉ विनय कुमार ने बताया कि जारी पत्र के अनुसार जीरो से 18 वर्ष तक के बच्चों का दिव्यांगता पत्र निर्गत करने हेतु प्रखंड कार्यालय स्थित मनरेगा भवन परिसर में 22 व 23 मई को प्रखंड स्तरीय शिविर का आयोजन किया जाना है।

## गर्मी की शुरूआत से ही गहराया पेयजल संकट, लोगों को बूंद-बूंद पानी के लिए होना पड़ रहा परेशान

# केसठ में गहराया पेयजल संकट, महीनों से खराब पड़े है कई चापाकल

**केटी न्यूज/केसठ**

गर्मी की शुरूआत से ही केसठ प्रखंड क्षेत्र में पेयजल संकट गहरा गया है। अधिकांश सार्वजनिक चापाकल खराब हो गए हैं। जिस कारण लोगों को बूंद बूंद पानी के लिए परेशान होना पड़ रहा हैं। स्थानीय अधिकारियों व जनप्रतिनिधियों की उदासीनता से खराब पड़े चापाकलों की मरम्मत नहीं हो पा रही है। जिस कारण लोगों का आक्रोश बढ़ते जा रहा है। बता दें कि एक दर्जन से



अधिक चापाकल मरम्मत की बाट जो रहे है। इनमें कुछ चापाकल पहले से ही खराब थे और कुछ गर्मी शुरू होते ही खराब हो गए। लोगों को सार्वजनिक स्थानों पर पीने के लिए पानी की कोई व्यवस्था नहीं मिल रही है। ऐसे में जनता के बीच आक्रोश है। सरकारी चापाकल मरम्मत के अभाव में बंद पड़े हुए हैं। ग्रामीणों के बार बार अनुरोध के बावजूद भी अभी तक बंद पड़े चापाकलों को चालू नहीं किया गया है। स्थानीय केसठ के वार्ड 3 अनुसूचित जाति बस्ती में चापाकल कई महीनों से बंद पड़ा है। जिस कारण इस बस्ती के लोगों को पेयजल की परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। बस्ती के सुभाष मांझी, मुन्ना मुसहर, मनोज मुसहर, मंगू मुसहर, राजू मुसहर आदि का कहना है कि चापाकल खराब होने से उन्हें पेयजल के लिए परेशान होना पड़ रहा है। बस्ती वालों ने तत्काल मरम्मत की मांग की है।

**कागजों पर सिमटा डीएम का आदेशः** बक्सर के पूर्व डीएम अमन समीर ने गर्मी के शुरूआत में ही आदेश जारी कर जिले के सभी सार्वजनिक चापाकलों के मरम्मति के निर्देश जारी किए थे। हालांकि निर्देश मिलने के बाद विभाग के अधिकारियों ने कई जगह मरम्मती का कार्य शुरू भी किया। लेकिन, प्रखंड क्षेत्र के अधिकांश सार्वजनिक चापाकल सूखे पड़े हैं। ऐसे में इस प्रखंड क्षेत्र के लिए डीएम का आदेश महज कागजों में सिमट कर रह गया हैं। बता दें कि डीएम के द्वारा विभागीय अधिकारियों की दूरभाष नंबर भी जारी किया गया था, जिससे दिए गए नंबरों पर लोग बंद पड़े चपाकलों की सूचना दे सके। लेकिन सार्वजनिक किए गए नंबरों पर सूचना देने के बाद भी अधिकारी गंभीरता से नहीं ले रहे है।

# एसपी ने जवानों के प्रशिक्षण का किया निरीक्षण, परेड की ली सलामी

**केटी न्यूज/गाजीपुर**

पुलिस अधीक्षक ओमवीर सिंह ने शुक्रवार को पुलिस लाइन में परेड की सलामी ली। इसके बाद परेड का बारीकी से निरीक्षण किया। इस मौके पर अधिकारियों एवं कर्मचारियों द्वारा परेड किया गया। परेड का निरीक्षण करते समय पुलिस अधीक्षक ने सीओ लाइन एवं आरआई को जरुरी निर्देश दिए। इसके साथ ही विभिन्न थानों से आई पुलिस की गाड़ियों का भी जायजा लिया। सरकारी वाहनों में रखे गए सुरक्षा संबंधी उपकरणों को देखा तथा संबंधित को आवश्यक दिशा निर्देश दिए। उन्होंने डॉयल 112 की गाड़ियों का निरीक्षण कर गाड़ियों का रिस्पांस टाइम जाना गया तथा संबंधित को निर्देश दिए गए। पुलिस लाइन में स्थित विभिन्न शाखाओं का निरीक्षण कर संबन्धित को आवश्यक दिशा निर्देश दिया। एसपी ने पुलिस लाइन में हो रहे निर्माण कार्यों का भी निरीक्षण किया। खास बात यह रही कि परेड के दौरान सभी जवानों को बाधा दौड़, बीम, रस्सी चढ़ाई, मंकी रोप इत्यादि विभिन्न प्रशिक्षण से सभी को प्रशिक्षित किया गया।





## खबरें फटाफट

### दुष्कर्म व हत्या के आरोपी को पुलिस मुठभेड़ में लगी गोली

**बांसडीह।** दुष्कर्म व हत्या के आरोपी उमेश बिंद को शुक्रवार को एसओजी व बांसडीह पुलिस ने बघौता गांव के पास स्थित ईंट भट्ठे पर मुठभेड़ में पकड़ लिया। इस दौरान पुलिस की कार्रवाई में आरोपी के पैर में गोली लग गयी। पुलिस ने आरोपी उमेश को उपचार के लिए जिला चिकित्सालय ले गए, जहां उसका इलाज चल रहा है। बांसडीह कोतवाली क्षेत्र के बड़सरी गांव में बीते मंगलवार की देररात संदिग्ध परिस्थितियों में तीन वर्षीय गायब बालिका का शव मिला था। पोस्टमार्टम मे बच्ची के साथ दुष्कर्म के बाद हत्या का मामला सामने आया।

### करंट लगने से बस कंडक्टर की मौत

**बांसडीहरोड।** थाना क्षेत्र के हरिपुर गांव में बृहस्पतिवार की दोपहर करंट की जद में आने से एक युवक की मौत हो गई। घटना के बाद गांव में कोहराम मच गया। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमॉर्टम के लिए भेज दिया। हरिपुर गांव निवासी परमेश्वर प्रजापति (40) पुत्र शिव बच्चन प्रजापति लखनऊ में रोडवेज में संविदा पर कंडक्टर पद पर कार्यरत था। लखनऊ जाने से पहले स्नान करने के लिए टुल्लू पंप स्टार्ट कर रहा था। इसी दौरान करंट की जद में आ गया। इससे युवक गंभीर रूप से झुलस गया।

## मतगणना को लेकर बलिया और मऊ जिला प्रशासन पूरी तरह सतर्क

# कड़ी सुरक्षा के बीच आज होगी नगर निकाय चुनाव में पड़े वोटों की गिनती

**केटी न्यूज/बलिया/मऊ**

नगर निकाय चुनाव की मतगणना को लेकर जिला प्रशासन पूरी तरह सतर्क है। मतगणना स्थल पर सुरक्षा से लेकर अन्य तमाम इंतजाम कर लिए गए हैं। शनिवार को कड़ी सुरक्षा व्यवस्था के बीच मतगणना होगी। जिला निर्वाचन अधिकारी रवीन्द्र कुमार ने मतगणना स्थलों की जानकारी देते हुए बताया कि सदर तहसील क्षेत्र के अंतर्गत आने वाली नगरपालिका परिषद, बलिया की मतगणना मंडी समिति तिखमपुर के सीमेंटेड शेड संख्या 01 में, नगर पंचायत चितबड़ागांव की मतगणना मंडी समिति तिखमपुर के सीमेंटेड शेड संख्या-2 (उत्तरी) में तथा नगर पंचायत रतसर कलां की मतगणना मंडी समिति तिखमपुर के सीमेंटेड शेड संख्या-2 (दक्षिणी) में होगी।

उन्होंने बताया कि नगर पालिका परिषद रसड़ा की मतगणना रसड़ा तहसील परिसर स्थित अधिवक्ता भवन में तथा नगर पंचायत नगरा की मतगणना रसड़ा तहसील परिसर के सभाकक्ष (प्रथम तल पर) में होगी। इसी प्रकार नगर पंचायत सिकंदरपुर की मतगणना जूनियर हाई स्कूल सिकंदरपुर पर तथा नगर पंचायत बेल्थरा रोड की मतगणना जीएमएएम इंटर कॉलेज बिल्थरा रोड में होगी। बाँसडीह तहसील क्षेत्र के अंतगत आने वाली नगर पंचायत बाँसडीह की मतगणना बाँसडीह इंटर कालेज मुख्य हाल में, नपं सहतवार की मतगणना बाँसडीह इंटर कालेज के कक्ष संख्या-5 के सामने गैलरी में, नपं रेवती की मतगणना बांसडीह इंटर कालेज अध्यापक गण कक्ष के सामने गैलरी में तथा नगर पंचायत, मनियर की मतगणना बाँसडीह इंटर कालेज के कक्ष संख्या-7 के सामने गैलरी में होगी। नपं बैरिया की मतगणना बाबा लक्ष्मण दास द्वाबा राष्ट्रीय इंटर कालेज, बैरिया में होगी।



### मऊ के डीएम एसपी ने किया मतगणना स्थल का निरीक्षण

**मऊ।** जिलाधिकारी अरुण कुमार एवं पुलिस अधीक्षक अविनाश पांडे ने नगर पालिका परिषद हेतु निर्धारित मतगणना स्थल डीसीएसके पीजी कॉलेज का निरीक्षण किया गया। मतगणना कक्षों के निरीक्षण के दौरान जिलाधिकारी ने लगाए गए टेबलो की संख्या एवं एजेंटों के आने जाने की रास्तों के बारे में विस्तृत जानकारी लेते हुए मतगणना कक्षों में पर्याप्त प्रकाश की व्यवस्था एवं प्रत्येक मतगणना कक्ष के एजेंटों हेतु अलग रास्ते निर्धारित करने के निर्देश दिए, जिससे मतगणना के दौरान किसी प्रकार का व्यवधान उत्पन्न ना हो सके। उन्होंने मतगणना कार्य में लगे कार्मिकों की सूची मतगणना स्थल के बाहरी प्रवेश द्वार पर ही लगाने को कहा, जिससे जिन कार्मिकों के ड्यूटी लगी है, वही अंदर प्रवेश कर सके। उन्होंने विभिन्न मतगणना कक्षों हेतु आवश्यक स्थलों पर वार्ड वार संकेतक लगाने के भी निर्देश दिए, जिससे मतगणना कार्मिक अपने निर्धारित स्थल पर आसानी से पहुंच सके। मतगणना के दौरान पर्याप्त संख्या में सुरक्षा बलों की व्यवस्था सुनिश्चित कराने के निर्देश भी जिलाधिकारी द्वारा दिए गए। उन्होंने पूरी मतगणना प्रक्रिया को निष्पक्ष एवं पारदर्शी ढंग से संपन्न कराने के निर्देश सभी संबंधित अधिकारियों को दिए। इस दौरान पुलिस अधीक्षक अविनाश पांडे,अपर जिलाधिकारी श्री भानु प्रताप सिंह, नगर मजिस्ट्रेट श्री नीतीश कुमार सिंह सहित अन्य सभी संबंधित अधिकारी एवं कर्मचारी उपस्थित रहे।

### सुबह आठ बजे से शुरू होगी मतों की गिनती

अपर जिला मजिस्ट्रेट/उप जिला निर्वाचन अधिकारी ने बताया कि नगरीय निकाय सामान्य निर्वाचन 2023 की मतगणना 13 मई 2023 को प्रातः 8:00 बजे से कार्य की समाप्ति तक निर्धारित है। जनपद में नगरीय निकाय की होने वाली मतगणना निकायवार एवं टेबलवार की जाएगी। जिसमें नगर पालिका परिषद मऊनाथ भंजन की मतगणना डी.सी.एस.के.पी.जी. कॉलेज में नगर पंचायत अदरी, कोपागंज एवं कुथीर्जाफरपुर की मतगणना तहसील सदर में नगर पंचायत घोसी, अमिला एवं दोहरीघाट की मतगणना सर्वोदय इंटर कॉलेज घोसी में नगर पंचायत मोहम्मदाबाद गोहाना, वलीदपुर एवं चिरैयाकोट का मतगणना टाउन इंटर कॉलेज मोहम्मदाबाद में एवं नगर पंचायत मधुबन का मतगणना तहसील मधुबन में किया जाएगा। उन्होंने यह भी बताया कि जिन प्रत्याशियों को मतगणना एजेंट बनवाना है वे प्रार्थना पत्र के साथ दो फोटो, एक आई.डी. प्रूफ के साथ अपने से संबंधित निर्वाचन अधिकारी के कार्यालय में कार्य अवधि में संपर्क कर अपने से संबंधित वार्ड में पड़ने वाले टेबलों के सापेक्ष मतगणना एजेंट पास बनवा लें।

# मिर्चा गांव में वृद्ध की गला रेत हत्या करनेवाले दोनों आरोपियों को पुलिस ने किया गिरफ्तार

**केटी न्यूज/गाजीपुर**

दिलदारनगर थाना क्षेत्र के मिर्चा गांव में 75 वर्षीय वृद्ध हरेन्द्र बिन्द की गला रेतकर बीते दिनों हत्या कर दी गई थी। इस प्रकरण में फरार चल रहे दोनों अभियुक्तों को पुलिस ने रेलवे स्टेशन अंतर्गत मंदिर के पास से गिरफ्तार कर गुरुवार को देर शाम घटना का खुलासा कर दिया। पुलिस टीम ने गिरफ्तार अभ्युक्तों से पूछताछ करने पर यह जानकारी मिली कि पुरानी रंजिश को लेकर मिर्चा गांव के रंगीला व शिवचरण बिंद ने हरेन्द्र बिन्द की गला रेतकर हत्या कर दी थी। अभियुक्तों की निशानदेही पर हत्या में प्रयुक्त आला कत्ल भी बरामद किया गया। पूछताछ के बाद दोनों को न्यायालय भेज दिया गया, जहां से दोनों जेल भेज दिए गए। थाना प्रभारी निरीक्षक अशेषनाथ सिंह ने बताया कि बीते छह मई की रात मिर्चा गांव निवासी हरेंद्र बिंद की गला रेतकर हत्या हुई थी। उनकी पत्नी सुखिया देवी की तहरीर पर गांव के ही रंगीला व शिवचरण बिंद के खिलाफ हत्या का मुकदमा दर्ज कर पुलिस दोनों को पकड़ने में जुटी थी। इस बीच मुखबिर से सूचना मिली कि हरेंद्र की हत्या में शामिल अभियुक्त रंगीला व शिवचरण रेलवे स्टेशन के बाहर मंदिर के पास खड़े हैं और कहीं जाने के फिराक में हैं।



# मुख्तार अंसारी के करीबी गणेश दत्त मिश्रा की सवा करोड़ रुपए की बेनामी संपत्ति कुर्क

**केटी न्यूज/गाजीपुर**

बांदा जेल में बंद पूर्व विधायक और माफिया मुख्तार अंसारी के करीबी गणेश दत्त मिश्रा के सवा करोड़ की बेनामी संपत्ति को कुर्क कर लिया गया है। लखनऊ से गाजीपुर आई आयकर विभाग की टीम ने यह कार्रवाई की। बता दें कि मुख्तार के करीबी गणेश दत्त मिश्रा पर पहले भी जिला प्रशासन कार्रवाई कर चुका है। इस बार शहर के कपूरपुर में गणेश दत्त मिश्रा के नाम से 0.117 हेक्टेयर और 0.254 हेक्टेयर जमीन पर कार्रवाई हुई है।

बता दें कि आयकर विभाग के अधिकारी अभिषेक सहाय की अगुवाई में टीम गुरुवार को गाजीपुर पहुंची थी। स्थानीय पुलिस-प्रशासन का सहयोग लेकर पूरी टीम कपूरपुर स्थित गणेश दत्त मिश्रा की अचल संपत्ति को कुर्क करने पहुंची। वहां नोटिस लगाने के साथ ही मुनादी और कुर्की की कार्रवाई शुरू हुई। इस दौरान आयकर विभाग की टीम के साथ राजस्व विभाग, जंगीपुर और शहर कोतवाली की पुलिस मौजूद रही। आयकर विभाग की ओर से मुख्तार अंसारी की बेनामी संपत्तियों को कुर्क करने की कार्रवाई लगातार चल रही है। माना जा रहा है कि अबतक करीब 20 करोड़ की संपत्ति आयकर विभाग ने कुर्क किया है। आयकर विभाग की ओर से मुख्तार के करीबी की 125 करोड़ की बेनामी संपत्ति को चिन्हित किया गया है। इसे लेकर आयकर विभाग की लखनऊ की टीम पूरी तरह सक्रिय है।



## 14 मई को होनेवाली पीसीएस परीक्षा की तैयारियों को लेकर कलेक्ट्रेट सभागार में जिलाधिकारी ने की बैठक

# बलिया के 21 केंद्रों पर सीसीटीवी कैमरों की निगरानी में होगी पीसीएस परीक्षा

**केटी न्यूज/बलिया**

14 मई को बलिया के 21 केन्द्रों पर पीसीएस की परीक्षा आयोजित की जाएगी। दो सत्रों में सुबह 09.30 से 11.30 तक एवं 02.30 से 04.30 बजे तक होनेवाली इस परीक्षा संबंधित प्राप्त शिकायतों के त्वरित निस्तारण हेतु कलेक्ट्रेट सभाकक्ष बलिया में कंट्रोल रूम स्थापित किया जाएगा। कंट्रोल रूम के टेलीफोन नम्बर निम्न हैं। 05498-225808,05498-222419, 05498-220857,05498-220235.



जिलाधिकारी रवीन्द्र कुमार की अध्यक्षता में पीसीएस परीक्षा की तैयारियों को लेकर शुक्रवार को कलेक्ट्रेट सभागार में बैठक का आयोजन किया गया। जिलाधिकारी ने सभी को बताया कि यह परीक्षा बहुत ही महत्वपूर्ण है क्योंकि जनपद में पहली बार हो रही है। जिलाधिकारी ने कहा कि कक्षों को इस प्रकार बांटना है कि एक कक्षा में 24 विद्यार्थी बैठ सकें। सभी कमरों में सीसीटीवी कैमरों की व्यवस्था होनी चाहिए। सफाई कर्मचारी लगाकर सभी कक्षों की सफाई कर ली जाए। जिलाधिकारी ने कहा कि आयोग के निदेर्शों का परीक्षा के दौरान पालन किया जाए। पेपर भेजने का कार्य अति महत्वपूर्ण है। सभी स्टैटिक और केंद्र प्रबंधक 7:00 बजे तक केंद्र पहुंच जाएंगे। प्रश्नपत्र खोलते और ओएमआर शीट बांटते समय विशेष सावधानी बरतनी है। अनावश्यक व्यक्तियों को केंद्र पर नहीं रहने देना है। जब तक ओएमआर शीट जमा न हो जाए अभ्यर्थियों को परीक्षा कक्ष से बाहर नहीं जाने देना है।

लोक सेवा आयोग से आए वीरेंद्र मणि त्रिपाठी ने बताया कि यदि बलिया में यह परीक्षा सकुशल संपन्न होती है। तो आगे भी बलिया को इस परीक्षा के लिए केंद्र बनाया जाएगा। उन्होंने सभी अधिकारियों से परीक्षा के पूर्व और परीक्षा के दिन की तैयारियों का जायजा लिया। उन्होंने कहा कि परीक्षा के पूर्व ही केंद्र की साफ-सफाई, प्रकाश, फर्नीचर की व्यवस्था देख ले, फर्नीचर टूटा फूटा ना हो। परीक्षा के समय यदि आपका कोई भी संबंधी परीक्षा दे रहा हो तो पहले ही बता दें जिससे कि आपका परीक्षा केंद्र बदला जा सके। परीक्षा कक्ष में इलेक्ट्रॉनिक उपकरण ले जाने की सख्त मनाई है। परीक्षा केंद्र पर दो महिला और दो पुरुष कांस्टेबल लगाए जाएंगे। परीक्षा में 40% से अधिक विकलांग अभ्यर्थियों के लिए सूत लेखन की व्यवस्था होगी। विकलांग व्यक्ति को 40 मिनट अतिरिक्त समय दिया जाएगा।

## एक नजर

### मऊ पुलिस ने लव जेहाद के आरोपी नसीम अहमद को किया गिरफतार

**मऊ।** चिरैयाकोट नगर के तकिया बाजार से शुक्रवार को सुबह लगभग पौने आठ बजे थानाध्यक्ष गंगासागर मिश्र ने लव जेहाद के आरोपी नसीम अहमद को गिरफ्तार कर लिया। जानकारी के अनुसार स्थानीय थाना क्षेत्र के नसीम अहमद पुत्र खैरुल बशर निवासी सा० युसुफाबाद थाना चिरैयाकोट जनपद-मऊ गत 15 अप्रैल को इसी थाना क्षेत्र के एक गांव की निवासी एक दलित युवती को नौकरी दिलाने का झांसा देकर बहला फुसलाकर भगा ले गया था और आजमगढ़ ले जाकर एक कमरे में बंद कर दुष्कर्म किया। उसके बाद उसने अपना नाम बदलकर युवती से कोर्ट मैरिज भी कर लिया। तत्पश्चात पीड़ित युवती का जबरदस्ती धर्म परिवर्तन करा दिया तथा पीड़िता की आपत्तिजनक वीडियो बनाकर आरोपी ने सोशल मीडिया पर वायरल भी कर दिया। पीड़िता मंगलवार को किसी तरह से आरोपी के चंगुल से भाग कर अपने घर आयी और अपनी माँ से पूरी बात बताई और पीड़िता की माँ की तहरीर के आधार पर पुलिस मुकदमा पंजीकृत कर आरोपी की तलाश में जुट गई थी। इसी बीच शुक्रवार को सुबह लगभग पौने आठ बजे मुखबिर की सूचना पर थानाध्यक्ष गंगासागर मिश्र ने अपने हमराहियों हे०का० राजनाथ,का० राकेश यादव, रोहित यादव व शिवानंद पाल के साथ तकिया बाजार के तिराहे के पास से घेराबंदी कर उक्त आरोपी नसीम अहमद को गिरफ्तार कर लिया। तत्पश्चात विवेचक क्षेत्राधिकारी मुहम्मदाबाद गोहना डॉ० अजय विक्रम सिंह ने संबंधित धाराओं में गिरफ्तार आरोपी का न्यायालय चालान कर दिया।

### दहेज हत्या के मामले में कोर्ट ने पति को 10 व जेठ को सात साल की सजा सुनाई

**गाजीपुर।** जिला जज संजय कुमार की अदालत ने शुक्रवार को दहेज हत्या के मामले में पति को 10 साल व जेठ को सात साल की सजा सुनाते हुए प्रत्येक पर 12-12 हजार रुपये के अर्थदंड से दंडित किया। बताते चलें कि थाना कोतवाली इलाका नबाबगंज जमालापुर के मोनू कुमार गुप्ता ने अपनी बहन मिन्नी उर्फ सीमा की शादी दस दिसंबर 2011 को कोतवाली थाना इलाका मियापुर सुभाष नगर के चंदन गुप्ता के साथ किया था। शादी में मोनू ने अपने सामर्थ के अनुसार दान दहेज दिया था, लेकिन उसको उसका पति चंदन गुप्ता व उसका भसुर अनिल गुप्ता दहेज से संतुष्ट नहीं थे, वह अक्सर दहेज में सोने की चेन और एक लाख रुपये की मांग करते थे और उसकी बहन को दहेज लाने के लिए प्रताड़ित भी करते थे। बता दें कि पांच दिसंबर 2016 को उसके बहनोई ने फोन कर बताया कि उसकी बहन फांसी लगा ली है। सूचना पर तत्काल उसके घर गया और कोतवाली में तहरीर दिया कि पुलिस ने आरोपियों के विरुद्ध मुकदमा दर्ज कर उनको गिरफ्तार कर जेल भेज दिया और विवेचना उपरांत आरोपियों के विरुद्ध आरोप पत्र न्यायालय में पेश किया। दौरान विचारण अभियोजन की तरफ से जिला शासकीय अधिवक्ता कृपाशंकर राय ने कुल आठ गवाहों को पेश किया। सभी गवाहों ने अपना -अपना बयान न्यायालय में दर्ज कराया। शुक्रवार को दोनों तरफ की बहस सुनने के बाद न्यायालय ने उपरोक्त सजा सुनाते हुए आरोपियों को जेल भेज दिया।

### गाजीपुर में ताईक्वांडो कलर बेल्ट टेस्ट सम्पन्न



**गाजीपुर।** सैदपुर तहसील क्षेत्र के बाशुपुर स्थित वेद इंटरनेशनल स्कूल के सभागार में ताईक्वांडो खिलाड़ियों का कलर बेल्ट प्रमोशन टेस्ट सम्पन्न हुआ। इस टेस्ट में मेजबान वेद इंटरनेशनल स्कूल बासुपुर के अतिरिक्त सनबीम वर्ल्ड स्कूल डहन के खिलाड़ियों को भी शामिल किया गया था। गाजीपुर ताईक्वांडो एसोसिएशन के तत्वावधान में आयोजित उक्त टेस्ट में कुल 80 खिलाड़ियों ने प्रतिभाग किया। जिन्हें कुल चार भागों में बांट कर पंचिंग, किकिंग, टेगैग, स्ट्रेंथिंग, फ्लेक्सिबिलिटी, फिटनेश, ओरल इत्यादि का परीक्षण किया गया। कार्यक्रम में उपस्थित गाजीपुर ताईक्वांडो एसोसिएशन के सचिव अमित कुमार सिंह ने बताया कि यह टेस्ट एसोसिएशन प्रत्येक तीन माह में आयोजित करती है। जिनमें ताईक्वांडो खिलाड़ियों को अपने बेल्ट ग्रेडिंग को प्रमोट करने का अवसर प्राप्त होता है। श्री सिंह ने बताया कि आगामी 26 से 28 मई को कानपुर में आयोजित राज्य स्तरीय ताईक्वांडो प्रतियोगिता में जिले से चयनित खिलाड़ियों को प्रतिभाग करने का अवसर दिया जाएगा। जिसके लिए जल्द ही ट्रायल आयोजित होने वाले हैं। इस अवसर पर वेद इंटरनेशनल स्कूल के चीफ वाइस प्रिंसिपल रितेश कुमार मिश्रा, संतोष कुमार पांडेय, चंदन सिंह गाजीपुर ताईक्वांडो एसोसिएशन की पर्यवेक्षक बुलंदी शर्मा, वेद स्कूल के ताईक्वांडो कोच सत्यम श्रीवास्तव, बॉक्सिंग कोच जयहिन्द यादव, सनबीम वर्ल्ड स्कूल के कोच विशाल कुमार उपस्थित थें।

### सब जूनियर पुरुष हॉकी चैंपियनशिप: मेघबरन के अजीत की कप्तानी में खेलेगी यूपी की हॉकी टीम



**गाजीपुर।** भारतीय हॉकी ने एक बार फिर जनपद के खेलप्रेमियों को मुस्कराने का मौका दिया है। इंडिया टीम में करमपुर के ललित और राजकुमार पाल के बाद, जूनियर इंडिया टीम में उत्तम सिंह की कप्तानी के बाद अब जिले के ही लाल अजीत यादव को सब जूनियर पुरुष हाकी टीम का कप्तान बनाया गया है। अजीत यादव की कप्तानी में जिस 18 सदस्यी टीम की घोषणा हुई है। उसमें अजीत के अलावा मेघबरन स्टेडियम की नर्सरी से प्रशिक्षित छह अन्य खिलाड़ी भी चयनित हुए हैं। जिनके नाम क्रमशः विशाल पाण्डेय, सत्यम पाण्डेय, राहुल राजभर, त्रिलोकी वेनबंशी, आसू मौर्या व अजय गोड़ हैं। मेघबरन स्टेडियम के हाकी कोच इंद्रदेव ने बताया कि यह हमारे लिए गौरव के क्षण हैं। क्योंकि 18 मई से राउरकेला में शुरू होने जा रही 13वीं हॉकी इंडिया सब जूनियर पुरुष हॉकी चैंपियनशिप में यूपी की जो टीम अपना जलवा दिखाएगी, उसमें कप्तान सहित सात खिलाड़ी हमारे शामिल हैं। जबकि मेघबरन स्टेडियम के संचालक अनिकेत सिंह ने कहा कि मेघबरन हाकी की नर्सरी भारतीय हाकी की रीढ़ बनती जा रही है। क्योंकि देश में हाकी की लगभग हर छोटी बड़ी टीम में मेघबरन स्टेडियम की नर्सरी ने प्रशिक्षित हुए होनहार खिलाड़ी अपना जलवा दिखा रहे हैं।